आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 11.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश में पीने के पानी की सुचारू आपूर्ति के लिए अवैध जल कनेक्शन हटाए जाएंगे।
- केन्द्र सरकार अगले तीन सालों में देश के हर जिले में डे केयर कैंसर सेंटर खोलेगी।
- खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने कहा–राज्य सरकार गिग वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के कामगारों की सामाजिक सुरक्षा के लिए संकल्पित।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने धौलपुर और करौली में जिलों में समीक्षा बैठक की–पढ़ाई, दवाई और गांव में ही कमाई के सिद्धांत पर ज़ोर दिया।

000

प्रदेश में पीने के पानी की सुचारू आपूर्ति के लिए अवैध जल कनेक्शनों को हटाया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने इसके लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। जलदाय मंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान नियमित रूप से पाईप लाईनों की पेट्रोलिंग की जाएगी। इसके साथ ही अवैध कनेक्शनों को हटाया जाएगा। इसके साथ ही पानी की चोरी रोकी जाएगी।

गर्मी में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने भी जरूरी तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने आज स्वास्थ्य भवन में इस संबंध में समीक्षा बैठक की। श्रीमती राठौड़ ने कहा कि आने वाले समय में भीषण गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए अस्पतालों में सभी माकूल इंतजाम किये जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से अस्पतालों में आवश्यक दवाईयों और उपकरणों के इंतजाम रखने तथा इस बारे में सभी तैयारियां समय पर करने के निर्देश दिये।

000

प्रदेश में गर्मी ने जल्द ही दस्तक दे दी है और अधिकतर स्थानों पर इसका असर दिखने लगा है। बीते 24 घंटों में नौ से अधिक शहरों में पारा 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। वहीं बाडमेर में दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस मापा गया। दिनभर लोग तेज धूप और उमस से परेशान रहे। ज्यादातर स्थानों पर तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री ऊपर दर्ज हो रहा है। अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किये जा रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए बाड़मेर और जालौर में गर्मी का येलो अलर्ट जारी किया है।
मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में 13 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं। इसके प्रभाव से कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

..............

केंद्र सरकार अगले तीन साल में देश के हर जिले में डे केयर कैंसर सेंटर खोलेगी। आज राज्यसभा में प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि वर्ष 2025–26 में दो सौ डे केयर कैंसर सेंटर खोले जाएंगे। हाल ही में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत–पीएम जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन से कैंसर रोगियों का स्क्रीनिंग के 30 दिनों के भीतर उपचार शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए काम कर रही है।

..............

000

भ्रष्टाचारा निरोधक ब्यूरो की टीमों ने आज अधीक्षण अभियंता अविनाश शर्मा की तलाश में जयपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में छापेमारी की। अविनाश शर्मा पर आय से अधिक सम्पत्ति के आरोपों और उनके विभिन्न ठिकानों को लेकर ये कार्रवाई की गई। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार शर्मा पर करोड़ों रुपये की सम्पत्तियां अर्जित करने का आरोप है, जो उनकी कुल आय से ढाई सौ फीसदी ज्यादा है। जयपुर के कई इलाकों में उनकी पचास सम्पत्तियां होने की बात सामने आई है। एसीबी की कई टीमों की ओर से उनके ठिकानों की तलाशी जारी है।

000

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार गिग वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए संकल्पित है। ऐसे कामगारों के जीवन को बेहतर बनाने और उनके कल्याण के लिए हाल ही के बजट में साढे तीन सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार ने गिग एंड अनऑर्गेनाइज्ड वर्कर्स डेवलपमेंट फण्ड बनाने की घोषणा की है। खाद्य मंत्री ने ये भी जानकारी दी कि ई–श्रम पोर्टल पर 3 मार्च तक एक करोड़ 45 लाख 75 हजार 855 कामगारों के पंजीकरण किये जा चुके हैं।

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि सरकार साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार काम कर रही है। साथ ही श्री बेढम ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में पुलिस कांस्टेबल के मैस और वर्दी भत्ते में बढोतरी का प्रस्ताव नहीं है। इसके अलावा पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने का भी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार भर्ती परीक्षाओं में पेपरलीक और नकल की घटनाओं को रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

..............

000

राज्य विधानसभा में अनुदान मांगों पर कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जवाब देंगे। इसके बाद वित्त वर्ष 2025–26 का राज्य बजट सदन से पारित होगा। अपने जवाब में श्री शर्मा कई घोषणाएं कर सकते हैं। कार्य सलाहकार समिति ने 21 मार्च तक सदन का कामकाज तय कर दिया है। इस दौरान कई अहम बिल पेश होंगे। इस बीच, विधानसभा में अभी खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की अनुदान मांगों पर विमर्श चल रहा है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने आज धौलपुर में कहा कि "पढ़ाई, दवाई और गांव में ही कमाई" के सिद्धांत पर ज़ोर दिया जाना चाहिए। श्री बागडे जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। इसके बाद राज्यपाल ने करौली में भी जिला अधिकारियों की बैठक ली। श्री बागडे का कल दौसा पहुंचने का कार्यक्रम है।

000

डूंगरपुर जिले के पचलासा गांव में आज जल कलश यात्रा निकाली गई। इसके माध्यम से जल और भूमि संरक्षण का संदेश दिया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि जल ग्रहण विकास और भू संरक्षण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं और छात्राओं ने हिस्सा लिया।

.............

000

रंगो के त्यौहार होली का उल्लास प्रदेशभर में नजर आ रहा है। मंदिरों में फागोत्सव की धूम है। वहीं विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन और धुलंडी को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में होली के उपलक्ष में विभिन्न परम्पराएं भी निभाई जा रही हैं। चूरू जिले में गींदड़ नृत्य का आनन्द लिया जा रहा है। वहीं डूंगरपुर के खड़गदा गांव में आज ढूंढोत्सव की परम्परा निभाई गई। इस बार होली का त्यौहार और रमज़ान महीने का जुमा एक ही दिन होने के कारण प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। विभिन्न जिलों में पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से शांति समिति की बैठकें आयोजित कर प्रेम और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में दौसा जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने भी लोगों से भाईचारा बनाए रखने की अपील की है।

..............

त्यौहार के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिलावटी खाद्य पदार्थों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज बीकानेर के नाल में दो पिकअप वाहनों से करीब 12 सौ किलो मिलावटी मावा जब्त किया गया। ये गाड़ियां फलौदी से आ रही थीं।

उधर, कोटपूतली–बहरोड़ में भी खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर नमूने इकट्ठे किये। बहरोड़ और पावटा से करीब दो सौ किलो मिलावटी मिठाईयां नष्ट करवाई गईं।

000

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट चरण के दूसरे राउंड के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। पी.एम.आई.एस. के लिए 31 मार्च तक आवेदन किये जा सकते हैं। केन्द्र सरकार ने ये योजना 21 से 24 वर्ष की आयु के एक करोड युवाओं को अगले पांच सालों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू की है। इसके तहत देश की शीर्ष कम्पनियों में सालभर की इंटर्नशिप कराई जाती है और इसके लिए पांच हजार रुपये महीने की वित्तीय सहायता दी जाती है।

000